15 /c

# भारत सरकार
## संचार एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय
## डाक विभाग
## कार्यालय चीफ पोस्टमास्टर जनरल, उत्तर प्रदेश परिमण्डल, लखनऊ–226001
## पोस्टमैन / मेल गार्ड / मल्टी टास्किंग स्टाफ (एम.टी.एस.) के पदों की सीधी भर्ती

विज्ञप्ति संख्याः भर्ती / एम–12 / पी0एम0–एम0जी0 व एम0टी0एस0 / डी0आर0 / 2013 / 6 लखनऊ, दिनांक 14–05–2015

------

उत्तर प्रदेश परिमण्डल के डाकघरों, रेल डाक व्यवस्था तथा प्रशासनिक इकाइयों में, पोस्टमैन, मेल गार्ड तथा मल्टी टास्किंग स्टाफ (एम.टी.एस.) के पदों को भरने के लिए, शिड्यूल **'ए'** में दिए गए विवरण के अनुसार इच्छुक तथा योग्य भारतीय आवेदकों से आवेदन पत्र आमंत्रित किए जाते हैं।

2. नियुक्त अभ्यर्थियों पर वर्तमान में चल रही नई पेन्शन योजना लागू होगी।

3. पद का नाम, आयु सीमा तथा वेतन बैण्ड व ग्रेड वेतन का विवरण निम्नवत हैः –

| पद का नाम | आयु सीमा तथा छूट | वेतन बैण्ड व ग्रेड वेतन | वर्गीकरण |
|---|---|---|---|
| पोस्टमैन एवं मेल गार्ड | दिनांक 30.06.2015 को 18–27 वर्ष । (केन्द्र सरकार द्वारा समय–समय पर जारी किये गये अनुदेशों के अनुसार अ0जा0 / अ0ज0जा0 के उम्मीदवारों के लिए 5 वर्षो तक की छूट, अन्य पिछड़ा वर्ग के उम्मीदवारो के लिए 3 वर्षों तक की छूट तथा सरकारी कर्मचारियों के लिए 40 वर्ष तक की आयु)। | **वेतन बैंड–1:** रू0 5200–20200+ग्रेड वेतन रू0 2000 / – | साधारण केन्द्रीय सेवा, समूह 'ग' (अराजपत्रित, अनुसचिवीय) |
| मल्टी टास्किंग स्टाफ (एम.टी.एस.) (प्रशासनिक कार्यालय) / मल्टी टास्किंग स्टाफ (एम.टी.एस.) (अधीनस्थ कार्यालय) | दिनांक 30.06.2015 को 18–27 वर्ष। (केन्द्र सरकार द्वारा समय–समय पर जारी किये गये अनुदेशों के अनुसार अ0जा0 / अ0ज0जा0 के उम्मीदवारों के लिए 5 वर्षो तक की छूट, अन्य पिछड़ा वर्ग के उम्मीदवारो के लिए 3 वर्षों तक की छूट तथा सरकारी कर्मचारियों के लिए 35 वर्ष तक की आयु)। | **वेतन बैंड–1:** रू0 5200–20200 + ग्रेड वेतन रू0 1800 / – | साधारण केन्द्रीय सेवा, समूह 'ग'(अराजपत्रित, अननुसचिवीय) |

3.1. विकलांग व्यक्तियों के लिए ऊपरी आयु सीमा में छूट अनुसूचित जातियों / अनुसूचित जनजातियों के अभ्यर्थियों हेतु 15 वर्ष, पिछड़ी जातियों के अभ्यर्थियों हेतु 13 वर्ष एवं सामान्य श्रेणी के अभ्यर्थियों हेतु 10 वर्ष होगी।

3.2. भूतपूर्व सैनिको हेतु आयु सीमा की गणना के लिए निर्णायक तिथि को आवेदक की वास्तविक आयु से सेना में की सेवा की अवधि को (सैन्य सेवा में निरंतर सेवा 6 माह से कम न हो) घटाने के पश्चात ऊपरी आयु सीमा में 3 वर्ष (अ0ज0 / अ0ज0जा0 वर्ग के विकलांग रक्षा सेवा कर्मियों के मामले में 8 वर्ष) की छूट होगी।

3.3. आयु सीमा की गणना के लिए निर्णायक तिथि :– आयु सीमा के निर्धारण के लिए गणना की निर्णायक तारीख **30.06.2015** होगी ।

14-5

4. **रिक्तियों की संख्या :–**

| कम संख्या | पद का नाम | कुल रिक्तियाँ | अना0 | वर्टिकल आरक्षण | | | हॉरिजंटल आरक्षण | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | अ0जा0 | अ0ज0जा0 | अ0पि0व0 | शा0वि0–I (बी/एल.वी) | शा0वि0–II (एच.एच.) | शा0वि0–III (ओ.ए./ओ.एल.) | भू0पू0 सैनिक |
| 1 | पोस्टमैन | 602 | 390 | 91 | 10 | 111 | 6 | 6 | 6 | 60 |
| 2 | मेल गार्ड | 20 | 12 | 1 | 0 | 7 | 0 | 0 | 0 | 1 |
| 3 | मल्टी टास्किंग स्टाफ (एम.टी.एस.) (प्रशासनिक कार्यालय) | 42 | 28 | 3 | 1 | 10 | 0 | 0 | 0 | 3 |
| 4 | मल्टी टास्किंग स्टाफ (एम.टी.एस.) (अधीनस्थ कार्यालय) | 268 | 148 | 40 | 9 | 71 | 2 | 3 | 2 | 26 |

**( अना0–अनारक्षित, अ0जा0–अनुसूचित जाति, अ0ज0जा0–अनुसूचित जनजाति, अ0पि0व0–अन्य पिछडा वर्ग, शा0वि0–शारीरिक विकलांग, बी–ब्लाइंड (अंधापन), एल.वी.–लो विजन(कम दृष्टि), एच.एच.–हियरिंग हैण्डीकैप्ड( कम सुनाई देने की निःशक्तता), ओ.ए.–वन आर्म ( एक बांह से प्रभावित ), ओ.एल.–वन लेग ( जिनका एक पैर खराब हो ), भू0पू0 सैनिक– भूतपूर्व सैनिक**

**नोट–**

1. मण्डलवार रिक्तियों की संख्या का विवरण संलग्न शिड्यूल–ए में दर्ज है।
2. रिक्तियों की संख्या बिना किसी पूर्व सूचना के अथवा बिना कोई कारण बताये परिवर्तित हो सकती है।
3. भूतपूर्व सैनिक व शारीरिक विकलांग श्रेणी की रिक्तियों का समायोजन, चयनित अभ्यर्थियों की श्रेणियों जैसे अनारक्षित, अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति व अन्य पिछड़ा वर्ग, जैसा भी मामला हो, के अनुसार किया जायेगा।
4. अन्य पिछड़ा वर्ग के अभ्यर्थियों के पास सक्षम प्राधिकारी द्वारा भारत सरकार कार्मिक एवं प्रशिक्षण विभाग का.शा. सं. 36036/2/2013-स्था. (आर.इ.एस.) दिनांक 30-05-2014 द्वारा निर्धारित प्रारूप में (प्रारूप संलग्न शिड्यूल–सी में उपलब्ध है। ) भारत सरकार द्वारा सेवाओं में आरक्षण के प्रयोजन हेतु निर्गत प्रमाण पत्र उपलब्ध होना चाहिए।
5. अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति वर्ग के अभ्यर्थियों के पास सक्षम प्राधिकारी द्वारा भारत सरकार के एम.एच. ए.शा.सं. 42/21/49-एन.जी.एस. दिनांक 28-01-1952 एवं डी.ओ.पी.एण्ड ए.आर. पत्रांक 36012/6/76-स्था. (एस. सी.टी.) दिनांक 29.10.1977 द्वारा संशोधित में निहित आदेशों के अनुसार निर्धारित प्रारूप में (प्रारूप संलग्न शिड्यूल–डी में उपलब्ध है। ) भारत सरकार द्वारा सेवाओं में आरक्षण के प्रयोजन हेतु निर्गत प्रमाण पत्र उपलब्ध होना चाहिए।
6. फिजकली हैण्डीकैप्ड आवेदक प्रीडामिनेन्ट डिसएबिलिटी के लिए निर्धारित छूट का लाभ ले सकते हैं। इसके लिए आवेदक के पास भारत सरकार कार्मिक एवं प्रशिक्षण विभाग का.शा.सं. 36035/3/2004 स्था. (आर.इ.एस.) दिनांक 29-12-2005 द्वारा निर्धारित प्रारूप ( प्रारूप संलग्न शिड्यूल–ई में उपलब्ध है। ) में भारत सरकार द्वारा सेवाओं में आरक्षण के प्रयोजन हेतु सक्षम मेडिकल प्रधिकारी द्वारा निर्गत प्रमाण पत्र उपलब्ध होना चाहिए।

5. **<u>शारीरिक विकलांगता में छूट प्राप्त करने हेतु पात्र अभ्यर्थियों का वर्गीकरण</u>** :

5.1 (1) **अंधापन** (बी): अंधापन का अभिप्राय जब कोई व्यक्ति निम्नलिखित परिस्थियों से ग्रसित हों

(क) दृष्टि का पूर्ण अभाव, अथवा

(ख) बेहतर ऑख में दृष्टि सुधारने वाले लेंसों के साथ दृष्टि–विमलता 6/60 अथवा 20/200 (स्नेलैन) से अनधिक, अथवा

(ग) दृष्टि क्षेत्र की सीमा जिससे 20 डिग्री का कोण व्याप्त हो अथवा इससे बदतर,

(2) **न्यून दृष्टि (एल.वी)** : 'कम दृष्टि वाले वह व्यक्ति' से वह व्यक्ति अभिप्रेत है जिसकी दृष्टिक–क्रिया उपचार के अथवा मानक परावर्तित सुधार करवाने के बाद भी खराब हो परन्तु जो समुचित सहायक यंत्र से किसी काम की योजना बनाने अथवा उसे निष्पादित करने में दृष्टि का प्रयोग करता हो अथवा उसका प्रयोग करने में संभावनीय रूप से समर्थ हो।

5.2 **कम सुनाई देने की निःशक्तता (एच.एच.)**: 'कम सुनाई देने की निःशक्तता' से बेहतर कान में बातचीत स्वरूप की श्रेणी की आवृत्तियों में 60 डेसिबल अथवा उससे अधिक का लोप अभिप्रेत है।

5.3 (1) **चलने–फिरने की निःशक्तता** : 'चलने–फिरने की निःशक्तता' से हड्डियों, जोड़ों अथवा मांस पेशियों की निःशक्तता अथवा किसी भी तरह का प्रमस्तिष्कीय पक्षाघात (फालिज) अभिप्रेत है जिससे अंगों के हिलने–डुलने में अत्यधिक बाधा हो।

(2) **प्रमस्तिष्कीय पक्षाघात (फालिज)**: ' प्रमस्तिष्कीय पक्षाघात (फालिज)' से किसी व्यक्ति की गैर–विकासोन्मुख स्थितियों का समूह अभिप्रेत है जो, जन्म् से पूर्व, जन्म् के आस–पास अथवा विकास की आरम्भिक अवधि में घटित मस्तिष्क – आघात अथवा चोटों के परिणामस्वरूप चलने–फिरने की असामान्य नियन्त्रण–भंगिमा के रूप में परिलक्षित होता है।

(3) **शारीरिक रूप से विकलांग (ओ.एच.) लोगों के सभी मामले, 'चलने–फिरने की निःशक्तता' अथवा 'प्रमस्तिष्कीय पक्षाघात (फालिज)' की श्रेणी के अन्तर्गत आयेगें।**

**इन पदो पर आरक्षण के लिए केवल ऐसे व्यक्ति ही पात्र होगें जो कम से कम 40 प्रतिशत सगंत निःशक्तता से ग्रस्त हों। निम्न प्रकार के शारीरिक रूप से विकलांग अभ्यर्थी ही इन पदों के लिए उपयुक्त होंगे :–**

**(I) एक बांह से प्रभावित (ओ.ए.)**
**(II) जिनका एक पैर खराब हो (ओ.एल.)**

6. **निरर्हता** :– वह व्यक्ति –
(क) जिसने ऐसे व्यक्ति जिसका पति या जिसकी पत्नी जीवित है, से विवाह किया है, या
(ख) जिसने अपने पति या अपनी पत्नी के जीवित रहते हुए किसी व्यक्ति से विवाह किया है,

उक्त पदों पर नियुक्ति हेतु पात्र नही होगा : परन्तु यदि केन्द्रीय सरकार का यह समाधान हो जाता है कि ऐसा विवाह ऐसे व्यक्ति और विवाह के अन्य पक्षकार को लागू स्वीय विधि के अधीन अनुज्ञेय है और ऐसा करने के लिए अन्य आधार हैं तो वह किसी व्यक्ति को इस नियम के प्रवर्तन में छूट दे सकेगी।

7. **<u>शैक्षिक योग्यता</u>** :–

| | | |
|---|---|---|
| (1) | पोस्टमैन पद हेतु | – मान्यता प्राप्त बोर्ड अथवा विश्वविद्यालय से मैट्रीकुलेशन |
| (2) | मेल गार्ड पद हेतु | – मान्यता प्राप्त बोर्ड अथवा विश्वविद्यालय से मैट्रीकुलेशन या समकक्ष |
| (3) | प्रशासनिक कार्यालयों में एमटीएस पद हेतु | – मान्यता प्राप्त बोर्ड से मैट्रीकुलेशन या समकक्ष अथवा आई.टी.आई. |
| (4) | अधीनस्थ कार्यालयों (डाकघरों और रेल डाक सेवा कार्यालयों) में एमटीएस पद हेतु | – मान्यता प्राप्त बोर्ड से मैट्रीकुलेशन अथवा आई.टी. आई. |

8 **आवेदन का तरीका** :– इच्छुक अभ्यर्थी ऑनलाइन अथवा ऑफलाइन आवेदन कर सकते है।

8.1 **<u>ऑनलाइन आवेदन</u>** :

(1) आवेदक को इन्टरनेट सुविधा से युक्त, वर्क स्टेशन अथवा कम्प्यूटर अथवा लैपटाप के द्वारा वेबसाइट **www.indiapost.gov.in** पर उपलब्ध लिंक "Postman/Mailguard/MTS Recruitment Examination-2015-U.P. Circle " पर क्लिक करना होगा। ऑनलाइन पंजीकरण सुविधा दिनांक 01.06.2015 को 16.00 बजे से प्रारम्भ होगी तथा दिनांक 30.06.2015 को 23.59 बजे बन्द हो जायेगी।

(2) आवेदक आवेदन पत्र भरने से पूर्व नोटीफिकेशन, आवेदकों के लिए निर्देश, रिक्तियां तथा अकसर पूछे जाने वाले प्रश्न (एफ.ए.क्यू.) सावधानी पूर्वक अवश्य पढ़ लें।

(3) आवेदक आवश्यकतानुसार निम्न विकल्पों में से किसी एक का चयन करें।

**APPLICATION FORM FOR POSTMAN/MAIL GUARD**

**APPLICATION FORM FOR MTS (ADMINISTRATIVE OFFICES)/MTS (SUBORDINATE OFFICES)**

(4) आवेदक पोस्टमैन अथवा मेल गार्ड में से किसी एक पद के लिए ही आवेदन करेगा क्योंकि पोस्टमैन एवं मेलगार्ड पदों के लिए एप्टीट्यूड टेस्ट का आयोजन एक ही दिनांक और समय पर किया जायेगा। अतः एक अभ्यर्थी या तो पोस्टमैन पद के लिए अथवा मेलगार्ड पद के लिए एप्टीट्यूड टेस्ट में सम्मिलित हो सकता है।

(5) आवेदक एम.टी.एस. (प्रशासनिक कार्यालय) एवं एम.टी.एस.(अधीनस्थ कार्यालय) में से किसी एक पद के लिए ही आवेदन करेगा क्योंकि एम.टी.एस. (प्रशासनिक कार्यालय) एवं एम.टी.एस.(अधीनस्थ कार्यालय) पदों के लिए एप्टीट्यूड टेस्ट का आयोजन एक ही दिनांक और समय (जो पोस्टमैन/मेलगार्ड पद के लिए आयोजित होने वाले एप्टीट्यूड टेस्ट की तारीख से भिन्न होगी) पर किया जायेगा। अतः एक अभ्यर्थी या तो एम.टी.एस. (प्रशासनिक कार्यालय) पद अथवा एम.टी.एस.(अधीनस्थ कार्यालय) पद के लिए एप्टीट्यूड टेस्ट में सम्मिलित हो सकता है।

(6) ऑनलाइन आवेदन करते समय आवेदक निम्न अभिलेख तैयार रखेगा –
(1) आवेदक के फोटो एवं हस्ताक्षर की स्कैन की हुई यथा निर्देशित फाइल साइज की इमेज।
(2) मैट्रीकुलेशन/मैट्रीकुलेशन के समकक्ष/आई.टी.आई. का अंक पत्र।

(7) आवेदक ऑनलाइन आवेदन में निर्धारित स्थानों पर विवरण सावधानीपूर्वक भरेगा और ऑनलाइन आवेदन पत्र के अंत में **Submit button** पर क्लिक करेगा। आवेदक को सलाह दी जाती है कि Submit button पर क्लिक करने से पहले वे सभी प्रविष्टियों की सत्यतता की सावधानीपूर्वक जांच अवश्य कर लें। आवेदक का नाम, पिता का नाम आदि की वर्तनी (spelling)आवेदन पत्र में सही – सही अंकित करें जैसा कि उनके मैट्रीकुलेशन प्रमाण पत्र/मार्कशीट में दर्शाया गया है। ऑनलाइन आवेदन पत्र Submit करने के पश्चात किसी भी परिवर्तन की अनुमति नही दी जायेगी। बाद में किसी प्रकार का परिवर्तन/बदलाव पाये जाने पर आवेदक अभ्यर्थन के अयोग्य माना जा सकता हैं।

(8) आवेदक को सलाह दी जाती है कि वह ऑनलाइन आवेदन एक बार में भरकर डाटा सुरक्षित (Save) कर ले। आवेदक आवेदन पत्र अंतिम रूप से Submit करने से पहले विवरण में बदलाव कर सकता है। आवेदन पत्र पूर्णरूप से भरने के पश्चात उसे Submit कर देगा।

(9) आवेदक यह नोट कर लें कि ऑनलाइन आवेदन पत्र में भरे गये विवरण अंतिम माने जायेगें तथा ऑनलाइन आवेदन पत्र Submit करने के पश्चात किसी भी परिस्थिति मे किसी भी प्रकार के परिवर्तन/बदलाव/त्रुटि सही करने की अनुमति नही दी जायेगी।

(10) सफलतापूर्वक पंजीकरण होने के पश्चात सिस्टम द्वारा एक प्राविजनल Unique Registration Number (URN) जारी किया जायेगा जो कम्प्यूटर स्क्रीन पर दिखायी देगा। आवेदक को रजिस्ट्रेशन नम्बर की सूचना आवेदन पत्र में दिये गये मोबाइल नम्बर पर एस.एम.एस. द्वारा तथा आवेदन पत्र में दिये गये ई.मेल एड्रेस पर ई.मेल भेजकर दी जायेगी। तत्पश्चात आवेदक फीस के भुगतान के लिए सिस्टम द्वारा चालान की तीन प्रतियां जनरेट करेगा।

(11) आवेदक सिस्टम द्वारा जनरेट की गई फीस पेमेन्ट भुगतान चालान का प्रिन्ट आउट लेगा। आवेदक भविष्य के संदर्भ के लिए चालान की एक प्रति अपने पास सुरक्षित रखेगा।

(12) **फीस भुगतान का तरीका** : फीस का भुगतान नकद रूप में उत्तर प्रदेश परिमण्डल के ई–पेमेन्ट की सुविधा से युक्त चिन्हित डाकघरों में निम्नवत किया जायेगा (चिन्हित डाकघरों की सूची शिड्यूल–बी में संलग्न है।):–

| पद का नाम | अभ्यर्थियों की श्रेणी | पंजीकरण शुल्क | परीक्षा शुल्क | कुल शुल्क |
|---|---|---|---|---|
| (क) | (ख) | (ग) | (घ) | (ङ) |
| पोस्टमैन/मेलगार्ड | अ0जा0/अ0ज0जा0/शा0वि0/महिला अभ्यर्थी | 100 | .... | 100 |
| | सामान्य तथा अ0पि0वर्ग अभ्यर्थी | 100 | 400 | 500 |
| मल्टी टास्किंग स्टाफ (एम.टी.एस.) (प्रशासनिक कार्यालय)/ मल्टी टास्किंग स्टाफ (एम.टी.एस.) (अधीनस्थ कार्यालय) | अ0जा0/अ0ज0जा0/शा0वि0/महिला अभ्यर्थी | 100 | ... | 100 |
| | सामान्य तथा अ0पि0वर्ग से अभ्यर्थी | 100 | 400 | 500 |

(13) अ0जा0/अ0ज0जा0/शा0वि0/महिला अभ्यर्थियों को परीक्षा शुल्क रू0 400/– के भुगतान से छूट दी गई है।

(14) अना0/अ0पि0व0 वर्ग के अभ्यर्थी रू0 500/– का भुगतान करेगें तथा उन्हें रू0 500/– की ई–पेमेन्ट की रसीद डाकघर से प्राप्त होगी। अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति/शारीरिक रूप से विकलांग/महिला अभ्यर्थी रू0 100/– का भुगतान करेगें तथा उन्हें रू0 100/– की ई–पेमेन्ट की रसीद डाकघर से प्राप्त होगी। अभ्यर्थी यह अवश्य जॉच ले कि उनके चालान फार्म पर अंकित रजिस्ट्रेशन संख्या एवं ई–पेमेन्ट रसीद पर अंकित संख्या समान है।

(15) पंजीकृत आवेदक निर्धारित फीस की रकम सिस्टम द्वारा जनरेट किये गये चालान के माध्यम से दिनांक 03.07.2015 या उससे पूर्व अवश्य जमा कर दें। आवेदक उत्तर प्रदेश परिमण्डल के ई–पेमेन्ट सुविधायुक्त चिन्हित डाकघरों (चिन्हित डाकघरों की सूची शिड्यूल–बी में संलग्न है।) में कार्यकाल के दौरान प्रिन्ट किये गये फीस चालान फार्म के साथ फीस की रकम नकद रूप में जमा करें। फीस जमा न होने की स्थिति में पंजीकृत किये गये आवेदन पत्रों पर अगली कार्यवाही के लिए विचार नही किया जाएगा। आवेदकों को सलाह दी जाती है कि वे फीस चालान की एक प्रति, डाकघर द्वारा जारी की गई रसीद एवं आवेदन पत्र की प्रति भविष्य में संदर्भ के लिए अपने पास सुरक्षित रखें।

(16) एक बार जमा किया गया मूल्य/शुल्क किसी भी परिस्थिति में वापस नहीं किया जायेगा।

(17) आवेदकों को सलाह दी जाती है कि वे अपने फोटों एवं हस्ताक्षरों के अलावा, किसी प्रकार का प्रमाण पत्र/अभिलेख संदर्भ अपलोड न करें। ऑनलाइन पंजीकरण किये गये आवेदन पत्र प्रॉविजनल होगें तथा चयन/नियुक्ति मूल प्रमाण पत्र/अभिलेखों के सत्यापन के आधार पर की जाएगी। आवेदक को यह भी घोषणा करनी होगी कि उसके द्वारा दिये गये सभी कथन/प्रविष्टियॉ उसकी अधिकतम जानकारी के अनुसार सत्य, पूर्ण एवं सही है और आवश्यकतानुसार मांगे जाने पर मूल अभिलेखों से इनकी पुष्टि की जा सकेगी। यदि किसी भी स्तर पर उसके द्वारा दी गई सूचना असत्य/ गलत पाई जाती है तो उसका अभ्यर्थन/नियुक्ति सरसरी तौर पर निरस्त/समाप्त कर दी जायेगी। आवेदक के लिए यह अनिवार्य होगा कि आवेदन पत्र का पंजीकरण कराते समय एवं उसे Save/Upload करते समय उक्त घोषणा के चेक बॉक्स पर अवश्य टिक (Tick) करें।

(18) आवेदन के पंजीकरण की अंतिम तारीख :– ऑनलाइन आवेदन का पंजीकरण दिनांक 30.06.2015 को 23.59 बजे बन्द किया जायेगा।

8.2 **ऑफलाइन आवेदनः–**

(1) आवेदक को उत्तर प्रदेश परिमण्डल के चिन्हित डाकघरों से ओ.एम.आर. आवेदन पत्र किट खरीदनी होगी। (चिन्हित डाकघरों की सूची शिड्यूल–बी में संलग्न है)

(2) ओ.एम.आर. आवेदन पत्रों का विक्रय उत्तर प्रदेश परिमण्डल के चिन्हित डाकघरों में दिनांक 01.06.2015 से 30.06.2015 तक किया जायेगा।

(3) **ओ.एम.आर. आवदेन पत्र किट का मूल्य तथा परीक्षा शुल्क** :–

| पद का नाम | अभ्यर्थियों की श्रेणी | ओ.एम.आर. आवेदन फार्म किट का मूल्य | परीक्षा शुल्क | कुल शुल्क |
|---|---|---|---|---|
| (क) | (ख) | (ग) | (घ) | (ड.) |
| पोस्टमैन / मेलगार्ड | अ0जा0 / अ0ज0जा0 / शा0वि0 / महिला अभ्यर्थी | 100 | .... | 100 |
| | सामान्य तथा अ0पि0वर्ग अभ्यर्थी | 100 | 400 | 500 |
| मल्टी टास्किंग स्टाफ (एम.टी.एस.) (प्रशासनिक कार्यालय) / मल्टी टास्किंग स्टाफ (एम.टी.एस.) (अधीनस्थ कार्यालय) | अ0जा0 / अ0ज0जा0 / शा0वि0 / महिला अभ्यर्थी | 100 | ... | 100 |
| | सामान्य तथा अ0पि0वर्ग से अभ्यर्थी | 100 | 400 | 500 |

(4) ओ.एम.आर. आवेदन फार्म किट खरीदने के लिए आवेदक को उत्तर प्रदेश परिमण्डल के चिन्हित डाकघरों में (चिन्हित डाकघरों की सूची शिड्यूल–बी में संलग्न है।) ई–पेमेन्ट के माध्यम से, किट का मूल्य रू0 100/–(सभी अभ्यर्थियों के लिए) एवं परीक्षा शुल्क रू0 400/–(केवल अनारक्षित एवं अन्य पिछड़ा वर्ग के अभ्यर्थियों के लिए) जमा करना होगा। अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति/शारीरिक रूप से विकलांग/महिला अभ्यर्थियों को परीक्षा शुल्क से छूट दी गई है।

(5) अना0/अ0पि0व0 वर्ग के अभ्यर्थी रू0 500/– का भुगतान करेगें तथा उन्हें रू0 500/– की ई–पेमेन्ट की रसीद डाकघर से प्राप्त होगी। अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति/शारीरिक रूप से विकलांग/महिला अभ्यर्थी रू0 100/– का भुगतान करेगें तथा उन्हें रू0 100/– की ई–पेमेन्ट की रसीद डाकघर से प्राप्त होगी। अभ्यर्थी यह अवश्य जॉच ले कि उन्हें प्राप्त ओ.एम.आर. आवेदन फार्म किट के ओ0एम0आर0 आवेदन पत्र पर अंकित संख्या एवं ई–पेमेन्ट रसीद पर अंकित ओ0एम0आर0 आवेदन पत्र की संख्या समान है।

(5) उत्तर प्रदेश परिमण्डल के चिन्हित डाकघरों में किट के मूल्य एवं परीक्षा शुल्क की रकम ई–पेमेन्ट द्वारा जमा करने के अतिरिक्त अन्य किसी भी माध्यम से भुगतान स्वीकार नहीं किया जायेगा तथा ऐसे आवेदन पत्रों को सरसरी तौर पर निरस्त कर दिया जायेगा। ई–पेमेन्ट की मूल रसीद ओ0एम0आर0 आवेदन पत्र के साथ भेजी जायेगी।

(6) एक बार जमा किया गया मूल्य/शुल्क किसी भी परिस्थिति में वापस नहीं किया जायेगा।

(7) ओ.एम.आर. किट में एक ओ.एम.आर. आवेदन पत्र फार्म, निर्देश पुस्तिका एवं पता लिखा एक लिफाफा है।

(8) आवेदक द्वारा ओ.एम.आर. आवेदन फार्म निर्देश पुस्तिका में दी गयी जानकारी के अनुसार भरा जायेगा।

(9) ओ.एम.आर. आवेदन फार्म की फोटो प्रति अथवा ई–पेमेन्ट रसीद की फोटो प्रति स्वीकार नही की जायेगी।

(10) अभ्यर्थी कृपया यह जान ले कि ओ.एम.आर. आवेदन फार्म में वर्णित विवरण अन्तिम माना जायेगा तथा ओ.एम.आर. आवेदन फार्म भेजने के पश्चात् किसी भी दशा में उसमें कोई परिवर्तन/बदलाव/संशोधन करने की अनुमति नही दी जायेगी।

(11) अभ्यर्थियों को सलाह दी जाती है कि वे ओ.एम.आर. आवेदन फार्म के साथ ई–पेमेन्ट की मूल रसीद के अतिरिक्त अन्य कोई प्रमाण पत्रों/दस्तावेजों की प्रतिलिपियाँ संलग्न न करें।

(12) बिना भरे फार्म / अधूरे फार्म / गलत भरे फार्म / बिना आवेदक के हस्ताक्षर के फार्म/ जिन ओ.एम.आर. आवेदन फार्म में कालम संख्या 21 अर्थात ई–पेमेन्ट की रसीद संख्या खाली छोड़ा गया है, / ई–पेमेन्ट की रसीद फार्म के साथ संलग्न नहीं है , ऐसे सभी ओ.एम.आर. आवेदन फार्मों को सरसरी तौर पर निरस्त कर दिया जायेगा।

(13) अभ्यर्थियों को किसी भी प्रकार के भावी सन्दर्भ के लिये पूर्णतः भरे हुए ओ.एम.आर. आवेदन पत्र की फोटो प्रति, ओ.एम. आर. आवेदन पत्र संख्या, डाकघर से प्राप्त ई–पेमेन्ट रसीद की फोटो प्रति एवं आवेदन पत्र भेजने के लिए पजीकृत पत्र अथवा स्पीड पोस्ट की रसीद अपने पास सुरक्षित रखनी चाहिये।

(14) अभ्यर्थियों को लिफाफे के सबसे ऊपर स्पष्ट रुप से बड़े अक्षरों में उस पद का नाम जिसके लिये आवेदन कर रहे हैं लिखना चाहिये। जैसेः– **"प्रशासनिक कार्यालयों में एमटीएस पद हेतु आवेदन पत्र"** अथवा **"अधीनस्थ कार्यालयों में एम.टी.एस. पद हेतु आवेदन पत्र"** अथवा **"पोस्टमैन पद हेतु आवेदन पत्र"** अथवा **"मेल गार्ड पद हेतु आवेदन पत्र"**।

(15) **<u>आवेदन फार्म भेजने का पताः</u>**–

(i) पूर्णतः भरा हुआ **ओ.एम.आर. आवेदन पत्र**, डाकघर से ओ.एम.आर. आवेदन फार्म की किट के मूल्य एवं परीक्षा शुल्क के भुगतान के पश्चात् प्राप्त **ई. पेमेण्ट की मूल रसीद** के साथ **"डायरेक्ट रिक्रूटमेन्ट सेल, कार्यालय चीफ पोस्टमास्टर जनरल, उ0प्र0 परिमण्डल, लखनऊ–226001"** के पते पर केवल स्पीड पोस्ट/रजिस्टर्ड पोस्ट के माध्यम से भेजा जाए।

(ii) हाथों–हाथ या किसी अन्य माध्यम से प्राप्त आवेदन पत्र मान्य नहीं होंगे तथा सरसरी तौर पर निरस्त कर दिये जायेंगे। इसी प्रकार एक स्पीड पोस्ट अथवा रजिस्टर्ड लिफाफे में केवल एक आवेदन पत्र स्वीकार किया जायेगा। ऐसे मामले में जहाँ एक लिफाफे में एक से अधिक आवेदन पत्र होंगे तो सरसरी तौर पर सभी आवेदन पत्र निरस्त कर दिये जायेंगे।

(16) **<u>आवेदन पत्र भेजने की अन्तिम तिथिः</u>**–

आवेदन पत्र भेजने की अन्तिम तिथि दिनांक 30.06.2015 है। आवेदक यह स्पष्ट रूप से समझ लें कि केवल दिनांक 30.06.2015 तक स्पीड पोस्ट/रजिस्टर्ड पोस्ट द्वारा बुक किये गये आवेदन फार्म ही स्वीकार किये जायेगें। दिनांक 30.06.2015 के पश्चात स्पीड पोस्ट/ रजिस्टर्ड पोस्ट द्वारा बुक किये गये आवेदन फार्म या अन्य किसी माध्यम से भेजे गये आवेदन फार्म स्वीकार नही किये जायेगें और न ही इस सम्बन्ध में किसी भी परिस्थिति में किसी प्रकार का कोई पत्राचार किया जायेगा।

9. **<u>परीक्षा केन्द्र</u>**

(1) पोस्टमैन/मेल गार्ड तथा एम.टी.एस. पद के लिए एप्टीट्यूड टेस्ट उत्तर प्रदेश के लखनऊ, गाजियाबाद, आगरा, इलाहाबाद, बरेली, गोरखपुर तथा कानपुर शहरों में आयोजित किया जायेगा। एप्टीट्यूड टेस्ट में भाग लेने के लिए कोई परिवहन भत्ता /दैनिक भत्ता नही दिया जायेगा।

(2) आवेदक को परीक्षा केन्द्र के लिए 3 प्राथमिकताएं देनी होगी।

(3) आवेदकों को यह स्पष्ट रूप से सूचित किया जाता है कि परीक्षा केन्द्र या शहर का आवंटन विभाग का विशेषाधिकार है तथा परीक्षा केन्द्र/शहर में किसी भी परिवर्तन के आग्रह को किसी भी परिस्थिति में स्वीकार नही किया जायेगा। परीक्षा केन्द्र आवेदकों की प्राथमिकता के अनुसार आवंटित किया जायेगा परन्तु आवेदको की संख्या के अनुसार आवंटन अन्य स्थानों पर भी किया जा सकता है।

(4) विभाग को किसी भी परीक्षा केन्द्र को निरस्त करने का अधिकार होगा और उस केन्द्र के अभ्यर्थियों को किसी अन्य केन्द्र में उपस्थिति होने को कहा जा सकता है। विभाग को एक परीक्षा केन्द्र के अभ्यर्थियों को किसी दूसरे परीक्षा केन्द्र में भेजने के लिए भी अधिकार होगा।

10. **अभिवृत्ति परीक्षा (एप्टीट्यूड टेस्ट) का दिनांक, पैटर्न एवं पाठ्यक्रम :–**

(1) **एप्टीट्यूड टेस्ट की तिथि** : एप्टीट्यूड टेस्ट के आयोजन की तिथि पात्र अभ्यर्थियों को बाद में सूचित की जायेगी।

(2) अभ्यर्थियों को निम्न विषयों/प्रकरणों को समाहित करते हुए 10वीं कक्षा/मैट्रीकुलेशन स्तर की एक अभिवृत्ति (एप्टीट्यूड) परीक्षा देनी होगी।

**पोस्टमैन/मेल गार्ड की सीधी भर्ती (Open Market) परीक्षा के लिए पाठ्यक्रम**

**परीक्षा की अवधि – 120 मिनट** **कुल अंक – 100**

एक प्रश्न पत्र में निम्नलिखित चार भाग होंगे :–

| भाग | पाठ्यक्रम |
|---|---|
| **अ. सामान्य ज्ञान**<br>(25 अंको के 25 प्रश्न, प्रत्येक 1 अंक का) | **विषय** – भूगोल, भारतीय इतिहास, स्वतंत्रता संग्राम, संस्कृति एवं, खेल, सामान्य राजनीति एवं भारतीय संविधान, अर्थशास्त्र, सामान्य विज्ञान, सामयिक मामले एवं 10वीं कक्षा के स्तर की तार्किक तथा विश्लेषणात्मक योग्यता। |
| **ब. गणित**<br>(25 अंको के 25 प्रश्न, प्रत्येक 1 अंक का) | **विषय** – संख्या पद्वति, सम्पूर्ण संख्याओं का परिकलन, दशमलव तथा भिन्न, संख्याओं के मध्य संबंध, मूल गणितीय प्रयोग, प्रतिशतता, अनुपात एवं समानुपात, लाभ और हानि, साधारण व्याज, औसत, छूट, सहभागिता, समय तथा कार्य, समय एवं दूरी, टेबिल और ग्राफ का प्रयोग, मापन (मेन्सुरेशन) । |
| **स. (I) अंग्रेजी**<br>(25 अंको के 25 प्रश्न, प्रत्येक 1 अंक का) | Topics: Articles, Prepositions, Conjunctions, tenses, verbs, synonyms & antonyms, vocabulary, sentence structure, Proverbs, Phrases, questions from a small unseen passage etc. |
| **स. (II) हिन्दी भाषा**<br>(25 अंको के 25 प्रश्न, प्रत्येक 1 अंक का) | **विषय** (हिन्दी के लिए) –शब्द पद, किया भेद, मिश्र एवं संयुक्त वाक्य, वाक्यों का रूपान्तरण, स्वर संन्धि, अलंकार, समास, मुहाबरे व लोकोक्तियाँ, अशुद्व वाक्य शोधन, अपठित गद्यांश |

**मल्टी टास्किंग स्टाफ (एम.टी.एस.) की सीधी भर्ती (Open Market) परीक्षा के लिए पाठ्यक्रम**

**परीक्षा की अवधि – 120 मिनट** **कुल अंक – 100**

एक प्रश्न पत्र में निम्नलिखित चार भाग होंगे :–

| | |
|---|---|
| **अ. सामान्य ज्ञान**<br>(25 प्रश्नों के 25 अंक प्रत्येक प्रश्न के लिए 1 अंक) | **विषय** – भारतीय भूगोल, स्वतंत्रता संग्राम, संस्कृति एवं खेल, सामान्य राजनीति और भारतीय संविधान, भारतीय अर्थ व्यवस्था, सामान्य विज्ञान, सामयिक मामले तथा 10वीं कक्षा के स्तर की तार्किक तथा विश्लेषणात्मक योग्यता। |
| **ब. गणित**<br>(25 प्रश्नों के 25 अंक प्रत्येक प्रश्न के लिए 1 अंक) | **विषय** – संख्या पद्वति, दशमलव व भिन्न, प्रतिशतता, अनुपात एवं समानुपात, लाभ और हानि, साधारण व्याज, औसत, छूट, सहभागिता, समय एवं कार्य, समय एवं दूरी,। |
| **स. (I) अंग्रेजी**<br>(25 प्रश्नों के 25 अंक प्रत्येक प्रश्न के लिए 1 अंक | Topics: Articles, Prepositions, Conjunctions, Tenses, Verbs, synonyms & antonyms, vocabulary, sentence structure, Proverbs Phrases and questions from a small unseen passage. |
| **स. (II) हिन्दी भाषा**<br>(25 प्रश्नों के 25 अंक प्रत्येक प्रश्न के लिए 1 अंक | **विषय** (हिन्दी के लिए) – मिस्र व संयुक्त वाक्य, वाक्यों का रूपान्तरण, स्वर संन्धि, अलंकार, मुहाबरे व लोकोक्तियॉ, अशुद्व वाक्य शोधन, अपठित गद्यांश। |

(3) **पोस्टमैन/मेलगार्ड अथवा मल्टी टास्किंग स्टाफ (एम.टी.एस.) (प्रशासनिक कार्यालय)/मल्टी टास्किंग स्टाफ (एम.टी.एस.) (अधीनस्थ कार्यालय) के एप्टीट्यूड टेस्ट में अर्हकारी अंक** :–

चयन के लिए अर्ह होने हेतु अभ्यर्थियों के लिए पोस्टमैन/मेलगार्ड अथवा मल्टी टास्किंग स्टाफ (एम.टी.एस.) (प्रशासनिक कार्यालय)/ मल्टी टास्किंग स्टाफ (एम.टी.एस.) (अधीनस्थ कार्यालय) के एप्टीट्यूड टेस्ट के प्रश्नपत्र के प्रत्येक भाग में अलग–अलग न्यूनतम अर्हकारी अंक एवं कुल योग में न्यूनतम अर्हकारी अंक निम्नवत् प्राप्त करना अनिवार्य है।

(I) भाग अ और ब – प्रत्येक भाग में सामान्य वर्ग के लिए न्यूनतम 10 अंक, अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति के लिए 8 अंक तथा अन्य पिछड़ा वर्ग के अभ्यर्थियों के लिए 9 अंक ।

(II) भाग स (दो उपभागों में) – प्रत्येक उपभाग में सामान्य वर्ग के लिए न्यूनतम 10 अंक, अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति के लिए 8 अंक तथा अन्य पिछड़ा वर्ग के अभ्यर्थियों के लिए 9 अंक ।

(III) कुल योग में सामान्य वर्ग के लिए 40 अंक, अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति के लिए 33 अंक तथा अन्य पिछड़ा वर्ग के अभ्यर्थियों के लिए 37 अंक ।

11. **चयन प्रकिया एवं मण्डल का आवंटन** :–

(1) चयन प्रकिया पूर्णतया मेरिट लिस्ट पर आधारित होगी जो कि एप्टीट्यूड टेस्ट में प्राप्त अंकों के आधार पर पोस्टमैन, मेलगार्ड, एमटीएस (प्रशासनिक कार्यालय) एवं एमटीएस (अधीनस्थ कार्यालय) संवर्गों हेतु पृथक–पृथक तैयार की जायेगी। तदानुसार प्रत्येक संवर्ग हेतु संपूर्ण उत्तर प्रदेश परिमण्डल में उस संवर्ग की समेकित रिक्तियों के लिए एक मेरिट लिस्ट तैयार की जायेगी।

(2) आगे यह स्पष्ट किया जाता है कि यदि दो या दो से अधिक अभ्यर्थी एप्टीट्यूड टेस्ट में समान अंक प्राप्त करते हैं और वे मेरिट लिस्ट के अन्तिम पायदान पर हैं तो यह स्पष्ट रुप से समझ लेना चाहिये कि वह अभ्यर्थी जो आयु में ज्येष्ठ होगा, उसके चयन पर विचार किया जायेगा।

(3) चयनित अभ्यर्थी को मण्डल का आवंटन मेरिट लिस्ट में उसकी स्थिति एवं आवेदन फार्म में उसके द्वारा दी गयी प्राथमिकताओं के अनुसार तथा मण्डल में रिक्तियों की उपलब्धता के अनुसार किया जायेगा। ऐसे अभ्यर्थी जिन्हें मेरिट लिस्ट में उनकी स्थिति को कारण उनकी प्राथमिकता के अनुसार मण्डल का आवंटन प्राप्त नही हो सकेगा, उन्हें उस मण्डल का आवंटन किया जायेगा जहॉ पर रिक्तियां शेष होगी।

(4) यदि कोई अभ्यर्थी ओ.एम.आर. आवेदन फार्म के कॉलम संख्या 23 में 'मण्डल' के लिये अपना/अपनी प्राथमिकता नहीं भरता है तो यह माना जायेगा कि वह उ0प्र0 परिमण्डल के सभी मण्डलों/ईकाइयों के लिये समान रुप से आवेदन कर रहा/रही है, तथा सक्षम प्राधिकारी के विवेकानुसार किसी भी मण्डल में उसकी भर्ती पर विचार किया जायेगा।

12. **अन्य महत्वपूर्ण निर्देश** :–

(1) चयनित अभ्यर्थियों की दो वर्ष के प्रोबेशन पर नियुक्ति की जायेगी।

(2) (अ) बिन्दु 3 पर उल्लेखित विवरण के अनुसार सभी रिक्त पदों का वर्गीकरण दो प्रकार की सेवाओं में किया गया है। पोस्टमैन एवं मेलगार्ड पद 'अराजपत्रित अनुसचिवीय' सेवाओं तथा मल्टी टास्किंग स्टाफ (प्रशासनिक कार्यालय अथवा अधीनस्थ कार्यालय) पद 'अराजपत्रित अननुसचिवीय' सेवाओं के अन्तर्गत वर्गीकृत किया गया है, तथा दोनों वर्गीकृत सेवाओं के पदों हेतु एप्टीट्यूड टेस्ट दो विभिन्न तिथियों में आयोजित की जायेंगी।
(ब) पोस्टमैन एवं मेलगार्ड पदों के लिए एप्टीट्यूड टेस्ट का आयोजन एक ही दिनांक और समय पर किया जायेगा। अतः एक अभ्यर्थी या तो पोस्टमैन पद के लिए अथवा मेलगार्ड पद के लिए एप्टीट्यूड टेस्ट में सम्मिलित हो सकता है। अभ्यर्थियों को यह सलाह दी जाती है कि वे या तो पोस्टमैन के पद के लिए अथवा मेल गार्ड पद के लिए ओ.एम.आर.

आवेदन पत्र में आवेदन करें। पुनः यह भी सूचित किया जाता है कि एक आवेदन पत्र एक पद के लिए ही प्रयोग किया जा सकता है।

(स) एम.टी.एस. (प्रशासनिक कार्यालय) एवं एम.टी.एस.(अधीनस्थ कार्यालय) पदों के लिए एप्टीट्यूड टेस्ट का आयोजन एक ही दिनांक और समय (जो पोस्टमैन/मेलगार्ड पद के लिए आयोजित होने वाले एप्टीट्यूड टेस्ट की तारीख से भिन्न होगी) पर किया जायेगा। अतः एक अभ्यर्थी या तो एम.टी.एस.(प्रशासनिक कार्यालय) अथवा एम.टी.एस.(अधीनस्थ कार्यालय) पद के लिए एप्टीट्यूड टेस्ट में सम्मिलित हो सकता है। अभ्यर्थियों को यह सलाह दी जाती है कि वे या तो एम.टी.एस. (प्रशासनिक कार्यालय) के पद के लिए अथवा एम.टी.एस. (अधीनस्थ कार्यालय) पद के लिए ओ.एम.आर. आवेदन पत्र में आवेदन करें। पुनः यह भी सूचित किया जाता है कि एक आवेदन पत्र एक पद के लिए ही प्रयोग किया जा सकता है।

(3) आवेदकों को यह सलाह दी जाती है कि वे अभिवृत्ति (एप्टीट्यूड) टेस्ट की तारीख, एडमिट कार्ड, रिजल्ट एवं अन्य सूचनाओं की अद्यतन जानकारी के लिए भारतीय डाक विभाग की वेबसाईट **www.indiapost.gov.in** समय–समय पर देखते रहें।

13. **सेना डाक सेवा में सेवा प्रदान करने की अपेक्षा** – उल्लिखित पद पर किसी व्यक्ति की नियुक्ति होने पर वह भारत या विदेश में जैसा भी अपेक्षित होगा, कार्य करने का पात्र होगा।

14. **शिथिल करने की शक्ति** – जहॉ केन्द्रीय सरकार की यह राय है कि ऐसा करना आवश्यक या समीचीन है, वहॉ उसके लिए जो कारण हैं उन्हें लेखबद्व करके इन नियमों के किसी उपबन्ध को किसी वर्ग या प्रवर्ग के व्यक्तियों की बावत आदेश द्वारा शिथिल कर सकेगी।

15. ***व्यावृत्ति*** – *इस नोटिफिकेशन की कोई भी बात ऐसे आरक्षण, आयु सीमा में छूट और व्यावृत्ति उन रियायतों पर प्रभाव* नही डालेगी, जिनका केन्द्रीय सरकार द्वारा इस सम्बन्ध में समय–समय पर निकाले गये आदेशों के अनुसार अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजातियां, भूतपूर्व सैनिकों, अन्य पिछड़ा वर्ग और अन्य विशेष प्रवर्ग के व्यक्तियों के लिए उपबन्ध करना अपेक्षित है।

15-5-15

**( हिमांशु कुमार मिश्र )**
सहायक निदेशक (भर्ती)
कार्या0 चीफ पोस्टमास्टर जनरल,
उ0 प्र0 परिमण्डल, लखनऊ–226001

# शिड्यूल–ए

## मण्डल/कार्यालयों मे उपलब्ध रिक्तियों का विवरण

### पोस्टमैन संवर्ग

| क्रम संख्या | मण्डल/कार्यालय का नाम | वर्टिकल आरक्षण | | | | | हॉरिजंटल आरक्षण | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | कुल रिक्तियाँ | अनारक्षित | अ.जा. | अ.ज.जा. | अ.पि.व | शा0वि0–I (बी/एल.वी) | शा0वि0–II (एच.एच.) | शा0वि0–III (ओ.ए./ओ.एल.) | भू0पू0 सैनिक |
| | **आगरा परिक्षेत्र** | | | | | | | | | |
| 1 | आगरा मंडल | 45 | 24 | 0 | 0 | 21 | 0 | 1 | 0 | 5 |
| 2 | अलीगढ़ मंडल | 19 | 9 | 0 | 1 | 9 | 0 | 0 | 1 | 2 |
| 3 | बुलंदशहर मंडल | 14 | 11 | 3 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 1 |
| 4 | एटा मंडल | 14 | 8 | 3 | 0 | 3 | 0 | 0 | 0 | 1 |
| 5 | इटावा मंडल | 19 | 10 | 5 | 0 | 4 | 0 | 0 | 0 | 2 |
| 6 | झाँसी मंडल | 14 | 8 | 3 | 0 | 3 | 0 | 0 | 0 | 1 |
| 7 | मथुरा मंडल | 19 | 13 | 4 | 0 | 2 | 0 | 0 | 0 | 2 |
| 8 | मैनपुरी मंडल | 12 | 7 | 2 | 0 | 3 | 0 | 0 | 0 | 1 |
| योग | | **156** | **90** | **20** | **1** | **45** | **0** | **1** | **1** | **15** |
| | **इलाहाबाद परिक्षेत्र** | | | | | | | | | |
| 1 | इलाहाबाद मंडल | 24 | 19 | 2 | 1 | 2 | 0 | 1 | 0 | 2 |
| 2 | गाजीपुर मंडल | 7 | 4 | 1 | 0 | 2 | 0 | 0 | 0 | 1 |
| 3 | जौनपुर मंडल | 3 | 3 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 |
| 4 | मिरजापुर मंडल | 9 | 6 | 2 | 1 | 0 | 0 | 0 | 0 | 1 |
| 5 | प्रतापगढ़ मंडल | 3 | 2 | 0 | 0 | 1 | 0 | 0 | 0 | 0 |
| 6 | वाराणसी (पूर्व) मंडल | 14 | 10 | 3 | 0 | 1 | 1 | 0 | 0 | 1 |
| 7 | वाराणसी (पश्चिम) मंडल | 7 | 4 | 2 | 0 | 1 | 0 | 0 | 0 | 1 |
| योग | | **67** | **48** | **10** | **2** | **7** | **1** | **1** | **0** | **6** |
| | **बरेली परिक्षेत्र** | | | | | | | | | |
| 1 | बरेली मंडल | 17 | 8 | 4 | 0 | 5 | 1 | 0 | 1 | 2 |
| 2 | बिजनौर मंडल | 8 | 4 | 2 | 1 | 1 | 0 | 0 | 0 | 1 |
| 3 | बदायूँ मंडल | 7 | 4 | 1 | 1 | 1 | 0 | 0 | 0 | 1 |
| 4 | हरदोई मंडल | 7 | 4 | 1 | 0 | 2 | 0 | 0 | 0 | 1 |
| 5 | खीरी मंडल | 7 | 5 | 0 | 0 | 2 | 0 | 0 | 0 | 1 |
| 6 | मेरठ मंडल | 31 | 15 | 6 | 1 | 9 | 1 | 1 | 0 | 3 |
| 7 | मुरादाबाद मंडल | 21 | 12 | 4 | 0 | 5 | 0 | 1 | 1 | 2 |
| 8 | मुजफ्फरनगर मंडल | 9 | 6 | 3 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 1 |
| 9 | सहारनपुर मंडल | 5 | 4 | 1 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 |
| 10 | शाहजहाँपुर मंडल | 6 | 3 | 1 | 0 | 2 | 0 | 0 | 0 | 0 |
| योग | | **118** | **65** | **23** | **3** | **27** | **2** | **2** | **2** | **12** |
| | **गोरखपुर परिक्षेत्र** | | | | | | | | | |
| 1 | गोरखपुर मंडल | 8 | 5 | 2 | 0 | 1 | 0 | 0 | 0 | 1 |
| 2 | आजमगढ़ मंडल | 13 | 10 | 3 | 0 | 0 | 0 | 0 | 1 | 1 |
| 3 | बहराइच मंडल | 6 | 3 | 2 | 0 | 1 | 0 | 0 | 0 | 1 |
| 4 | बलिया मंडल | 5 | 4 | 0 | 0 | 1 | 0 | 0 | 0 | 0 |
| 5 | बस्ती मंडल | 6 | 4 | 1 | 0 | 1 | 0 | 0 | 0 | 1 |
| 6 | गोण्डा मंडल | 5 | 3 | 1 | 0 | 1 | 0 | 0 | 0 | 0 |
| योग | | **43** | **29** | **9** | **0** | **5** | **0** | **0** | **1** | **4** |

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| कानपुर परिक्षेत्र | | | | | | | | | | |
| 1 | बांदा मंडल | 3 | 2 | 1 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 |
| 2 | फतेहगढ़ मंडल | 7 | 6 | 0 | 1 | 0 | 0 | 0 | 0 | 1 |
| 3 | फतेहपुर मंडल | 2 | 2 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 |
| 4 | कानपुर सिटी मंडल | 17 | 14 | 3 | 0 | 0 | 1 | 0 | 0 | 2 |
| 5 | कानपुर प्रधान डाक घर | 12 | 8 | 2 | 0 | 2 | 0 | 0 | 0 | 1 |
| 6 | कानपुर (मु.) मंडल | 11 | 8 | 1 | 0 | 2 | 0 | 0 | 0 | 1 |
| योग | | **52** | **40** | **7** | **1** | **4** | **1** | **0** | **0** | **5** |
| लखनऊ परिक्षेत्र | | | | | | | | | | |
| 1 | बाराबंकी मंडल | 5 | 3 | 1 | 0 | 1 | 0 | 0 | 0 | 0 |
